>

Title : Lack of essential civic amenities in the recently authorized colonies by the Government of NCT of Delhi.

श्री जय प्रकाश अग्रवाल (उत्तर पूर्व दिल्ली): अध्यक्ष महोदया, मैं एक बहुत ही विशेष मुद्दा, जो दिल्ली के लोगों के साथ जुड़ा हुआ है, उठाना चाहता हूं। दिल्ली में लाखों आदमी जो अन-ऑथराइज्ड कॉलोनियों में रहते हैं, वे बहुत परेशान हैं। करीब 30 लाख आदमी जिनकी कॉलोनियां रेगुलराइज्ड की गयीं, यूपीए अध्यक्षा माननीय सोनिया जी के हाथों से उन्हें सर्टिफिकेट्स दिलाए गये, लेकिन अभी भी वहां काम शुरू नहीं हुए हैं और लोग बहुत परेशान हैं। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप इनकी बात सुन लीजिए। जीरो-आवर में में वे जो कह रहे हैं, उसे सुन लीजिए। आपकी बात भी सुनी जाएगी।

...(व्यवधान)

श्री जय प्रकाश अग्रवाल : जिन्हें सिविक एमिनिटीज नहीं मिल रही हैं, ऐसे लाखों आदमी बहुत परेशान हैं। बिजली, पानी, सड़क और सीवर की सुविधा उन्हें नहीं मिल रही है। अगर हम इस काम को केवल स्टेट गवर्नमेंट पर छोड़ देंगे तो वह काम पूरा नहीं हो पाएगा। लोग बहुत ही बुरे हाल में वहां जी रहे हैं। माननीय मंत्री जी यहां बैठे हुए हैं, आप हमारी भावना सरकार तक पहुंचा दें। आप जवाहर लाल नेहरू अर्बन रिनुअल मिशन में एक मुश्त पैसा देकर, अगर उन कॉलोनियों में काम नहीं कराएंगे, तो शायद वह काम कभी पूरा नहीं होगा और लोग नारकीय जीवन बिताते रहेंगे। मेरा अनुरोध है, आप दया-दृष्टि रखें और एक-मुश्त पैसा दिलवाएं...(व्यवधान) मैं अपनी सरकार की ही बात कर रहा हूं। आपकी बहुत मेहरबानी होगी।